







## डीएम के आदेश पर कार्रवाई



कुरवाई में पहले इस तरह से दौड़ रहे थे ट्रैक्टर ट्रॉली

खनिज विभाग ने कई रेत भरी ट्रॉलियों पर कार्रवाई की।

**विदिशा।** कुरवाई के इसी पुल घाट पर बेतवा किनारे अवैध तरीके से खनन किया जा रहा था। करीब 20 ट्रैक्टर ट्रॉलियों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। हरिभूमि की खबर के बाद कलेक्टर के आदेश पर हुई कार्रवाई।

## खनिज विभाग ने जिलेभर में एक साथ कार्रवाई कर रेत से भरी ट्रॉलियां पकड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

खबर का असर

सीएम मोहन यादव के आदेश के बाद भी खनिज विभाग के संरक्षण में जिलेभर में चल रहे अवैध खनन को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। हरिभूमि की खबर के बाद कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने खनिज विभाग के अधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

शुक्रवार को खनिज अधिकारी ने जिलेभर में एक साथ कार्रवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में रेत से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया गया है। कुरवाई में जोरों से चल रहे अवैध खनन का मुद्दा हरिभूमि द्वारा उठाया गया था, जिसके बाद यहां भी कार्रवाई की गई है। कुरवाई के पुल घाट पर करीब 20 से अधिक ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध तरीके से मशीनों से नदी से रेत निकाली जा रही थी, जिस पर कार्रवाई की गई है। इधर विदिशा में ग्राम इमलिया में भी अवैध तरीके से जेसीबी से मुरम निकाली जा रही है। गहरीकरण के नाम पर अवैध खनन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जगन्नाथ स्वामी को कराया जाएगा स्नान



**विदिशा।** अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) विदिशा शाखा द्वारा इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा 13 जुलाई शनिवार को नगर में निकाली जाएगी। रथोत्सव की तैयारी के प्रथम चरण में आज शनिवार को शाम 5 बजे अग्रवाल धर्मशाला में भगवान जगन्नाथ स्वामी को प्रथम स्नान कराया जाएगा। इस्कॉन के प्रमुख गुरु सर्वसाक्षी महाराज ने बताया कि पवित्र नदियों के जल, फलों के रस से विशेष अभिषेक होगा। इस्कॉन विदिशा भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा आयोजन कमेटी प्रमुख घनश्याम बंसल, डॉ.रमेश ठाकुर, राधेश्याम माहेश्वरी,केके गुप्ता, अटल तिवारी, भानु दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। यह जानकारी भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति सचिव नीरज चौरसिया ने दी।

### विद्या इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने किया योग

**विदिशा।** विश्व योग दिवस पर इंटरनेशनल स्कूल गेहूं खेड़ी में योग दिवस मनाया गया। छात्रों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने योग अभ्यास किया। विद्यालय के द्वारा एक नई पहल भी की गई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ घर में योगाभ्यास किया एवं उसके फोटो भी विद्यालय के साथ साझा की। वहीं बचपन प्ले स्कूल में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों ने योग किया।

### अहमदानगर गांव में हैंडपंप खराब

**विदिशा।** तहसील अंतर्गत ग्राम अहमदानगर के कुशवाह मोहल्ले का हैंडपंप बिगड़ा पड़ा है। स्थानीय लोग हैंडपंप ठीक करवाने के लिए जनपद स्तर पर मांग कर चुके हैं। गांव के इस मोहल्ले में पेयजल के लिए परेशान हैं। जपं सदस्य जमना कुशवाह ने ग्रामीणों ने शीघ्र हैंडपंप को दुरुस्त कराने की मांग की है।

### दिव्यांगों के परिक्षण के लिए शिविर 28 को

**विदिशा।** जिले के पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण परीक्षण के लिए 28 जून सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पात्र दिव्यांगों को फोटो, आधारकार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र समग्र आईडी, बीपीएल राशनकार्ड या आय प्रमाण पत्र तहसीलदार, सरपंच या वार्ड मेम्बर से जारी कराकर लाना होगा।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक होगी आज

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आज शनिवार को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 1 बजे से शुरू होगी।

### छात्रों के भविष्य के खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग

## नीट परीक्षा और नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस मुखर, माधवगंज पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



**विदिशा।** माधवगंज पर आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रतापभानु शर्मा।

नीट परीक्षा में धांधली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को माधवगंज चौराहे पर धरना दिया। कांग्रेसी नेताओं ने मेडिकल परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के आरोप लगाए।

पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कहा नीट परीक्षा में भारी धांधली हुई है। जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई करना चाहिए। भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। कहते थे 400 पार लेकिन 240 पररह गई। जोड़तोड़ कर सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और हम 24 लाख विद्यार्थियों के परिवार के साथ हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा भाजपा सरकार ने 24 लाख विद्यार्थियों के साथ अन्याय किया है। उनके परिवार के लोग बहुत परेशान हैं। युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया। कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी ने आरोप लगाए कि आम परिवार का बच्चा सीमित साधनों से परीक्षा की तैयारी करता है लेकिन भ्रष्टाचार के चलते ऐसी प्रतिभाओं का हनन हो रहा है। व्यापमं से लेकर नीट एक्जाम में घोटाला साबित होना सरकार की लिप्तता को उजागर करता है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 24 लाख विद्यार्थियों के साथ अन्याय किया। युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया। विदिशा बिजली कटौती से जनता परेशान मेंटनेंस के नाम पर करोड़ों रुपए कर्ज लिया जा रहा है फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। यह जानकारी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर रणधीर सिंह दांगी, वीरेंद्र पीतलिया, महेंद्र यादव, नंदकिशोर शर्मा, बाबूलाल वर्मा, सुभाष बोहत, गगनेंद्र रघुवंशी, रानी अहिरवार, रमेश तिवारी, सुरेश यादव, मजाज भाई, विनोद सेन, लखन लोधी, अजय दांतरे, गोविंद राजपूत, विद्या यादव, रवि साहू, सुजीत देवलिया, जिनेश जैन, राम राज दांगी, आशा सिंह राजपूत, जितेंद्र तिवारी, सोनू यादव, मनोज खींची, निर्मल जैन, जवाहर कुशवाह, राजकुमार पासी, सचिन भावसार, शोभित अग्रवाल, यदुवीर सिंह लटेरी, लक्ष्मण रघुवंशी, जेपी चतुर्वेदी, माधो सिंह अहिरवार आदि शामिल रहे। धरना सभा का संचालन आशीष माहेश्वरी ने किया और आभार राम राज दांगी ने माना।

## शमशाबाद में 10 समितियों पर एक समिति में भी नहीं खाद

### एक-एक बोरी के लिए मारे-मारे फिर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

मानसून की पहली बारिश के साथ ही किसानों ने खरीफ फसलों की बोवनी शुरू कर दी है। लेकिन खाद के लिए किसान भटक रहे हैं। शमशाबाद की 10 समितियों में पिछले एक सप्ताह से खाद नहीं ही। किसान समितियों के चक्कर काट रहे हैं और समिति प्रबंधक आज कल, आज कल कर रहे हैं। इस समय किसानों को सबसे अधिक जरूरत डीएपी खाद की है।

शमशाबाद तहसील क्षेत्र के कई गांव में सोयाबीन बोवनी के लिए पर्याप्त पानी हो गया है। किसान बोवनी करने में जुट गए हैं लेकिन किसानों को सोयाबीन में डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है जिससे किसान बगैर खाद मिलाए ही सोयाबीन बोवनी करने को मजबूर हैं। शासन द्वारा सेवा सहकारी समितियां के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की है, लेकिन विगत एक सप्ताह से क्षेत्र की 10 सोसायटियों में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। किसान प्रतिदिन समिति कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। जिन किसानों के समिति में क्रेडिट कार्ड नहीं हैं वह किसान बाजार से नकद में ओने पोने दामों पर खाद लेने मजबूर हैं। बुधवार को सहकारी गोदाम पर किसानों को नगद वितरण के लिए दो ट्रक खाद वितरण को आया था। जिसे पुलिस की निगरानी में मुश्किल से वितरण कराया गया। जटपुरा के किसान रिंकू भार्गव ने बताया कि एक सप्ताह से सहकारी समिति में खाद नहीं है सोयाबीन की बोवनी करना है लेकिन खाद नहीं मिल रहा है।

### अधिक बरिश हुई तो लेट हो जाएगी बोवनी

अभी बोवनी के लिए मौसम अनुकूल है। पर्याप्त बारिश हो चुकी है। किसानों का कहना है कि यदि अभी बोवनी नहीं कर पाए तो दो चार दिन में फिर से बारिश शुरू हो जाएगी और बोवनी पिछड़ जाएगी। यदि बारिश अधिक हो गई तो फिर बोवनी करने से रह जाएंगे। लेकिन खाद न मिलने के कारण किसान इंतजार कर रहे हैं।

### डिमांड भेजी है

हमने दो रैक डीएपी, यूरिया खाद के लिए डिमांड भेजी है। जब आ जाएगा तब समितियों की मांग अनुसार भेजा जाएगा।

**कल्याण सिंह ठाकुर** डीएमओ विदिशा

## जगदीश स्वामी रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर ग्यारसपुर पहुंचे एसपी शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर



जगदीश स्वामी रथ यात्रा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को एसपी दीपक कुमार शुक्ला ग्यारसपुर पहुंचे। ग्यारसपुर तहसील के जगदीशपुरी मानोरा में 200 वर्षों से भी अधिक समय से जगदीश स्वामी की रथ यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें भगवान जगदीश स्वामी, बहन सुभद्रा और बलदाऊ जी महाराज, रथ पर आरूढ़ होकर भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा जगदीश स्वामी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। इसके बाद समिति के सदस्यों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। हर वर्ष आषाढ़ सुदी दूज के दिन जगदीश स्वामी की रथ यात्रा निकाली जाती है और भव्य मेले का आयोजन होता है।ऐसी मान्यता है कि भगवान आषाढ़ सुदी दूज के दिन उड़ीसा से चलकर सुबह 4 बजे भगवान मानोरा धाम पहुंचते हैं और स्वता ही मंदिर के पट खुल जाते हैं। इस वर्ष 7 जुलाई को भगवान जगदीश स्वामी जी रथ यात्रा निकाली जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ डीआईजी समिति के सदस्य थाना प्रभारी सीमा राय सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### महाराज फिल्म को रद्द करने की उठी मांग

**विदिशा।** नेटफिल्क्स पर जारी होने के लिये तैयार महाराज फिल्म को रद्द करने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन वैष्णव मंडल द्वारा सौंपा गया। कलेक्टर को सौपे गये ज्ञापन में लिखा है कि महाराज फिल्म में पुष्टीमार्ग और सनातन धर्म के खिलाफ सीन फिल्माये गए हैं। इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी और यह जानकारी लगने पर धर्म आचार्य भी आहत हुए हैं। सनातन हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत के साथ दिये ज्ञापन में फिल्म बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

## मारपीट में मौत: जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक अजीज के परिजन एडिशनल एसपी से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



दुर्गानगर इलाके में मामूली विवाद में युवक की मौत के मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को मृतक के परिजन व समाजजन एडिशन एसपी से मिले और ज्ञापन सौंपा।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को हिरासत में लिया है जबकि दो आरोपी अभी भी फरार है। मृत युवक के परिजन शुक्रवार एसपी ऑफिस पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर शेष आरोपियों को पकड़ने की मांग की। 7 जून को दुर्गानगर इलाके में बाइक और स्कूटी की टक्कर के बाद बाइक सवार युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर स्कूटी सवार अजीज अंसारी के साथ मारपीट की थी। मारपीट में अजीज अंसारी गंभीर घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि फरार दोनों आरोपी मोहल्ले में घूम रहे हैं लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही।

## चार परीक्षा केंद्रों पर 1740 परीक्षार्थी कल देंगे राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो सत्रों में आयोजित की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रो के परीक्षा कक्षो में दीवार घडी अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश केंद्र प्रभारियों को दिए गए है।

डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी श्री बिटौलिया ने बताया कि विदिशा नगर के चार केन्द्रो पर एक साथ परीक्षा आयोजित की गई है। इन केन्द्रो पर कुल 1740 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दो सत्रों में आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा का प्रथम सत्र प्रातः 9.30 बजे से तथा द्वितीय सत्र की परीक्षा हेतु दोपहर 1.45 बजे से परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल डंडापुरा बड़ा बाजार केन्द्र में 500 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 500 परीक्षार्थी तथा एसएटीआई इंजीनियरिंग परीक्षा केंद्र में भी 500 परीक्षार्थी शामिल होंगे जबकि एसएटीआई पॉलिटेक्निक परीक्षा केन्द्र में 240 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दो सत्रो में आयोजित होने वाली परीक्षा का प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक का समय नियत किया गया है। परीक्षार्थियों को दोनों सत्रों में आधा-आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा।

### काले बॉल पेन का ही उपयोग कर सकेंगे छात्र

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त मूल परिचय पत्र, यात्रा भत्ता, हेतु जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में काले बॉल पेन का ही उपयोग किया जाएगा। परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर एवं चेहरे को ढककर, एसेसरीज जैसे बालो का क्लचर, बक्कल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले किसी भी प्रकार के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्स, वॉलेट, टोपी आदि प्रवेश हेतु वर्जित होगा। केवल आधार कार्ड हेतु मूल प्रति की जगह छायाप्रति भी मान्य की जाएगी।

### योग दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

## हमारे देश ने योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व को एक नए तरह से जीवन जीने का संदेश दिया है: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



हमारे देश ने योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व को एक नए तरह से जीवन जीने का संदेश दिया है।

यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि आज देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में भी योग दिवस मनाया जा रहा है। यह बात विचार सहकारिता, खेल युवक कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम में कही।

मंत्री सारंग ने कहा कि हमारे देश ने दुनिया को एक नई दिशा दिखाई है। किस प्रकार भारतीय दर्शन प्रकृति से जुड़ा हुआ है, भारतीय दर्शन के माध्यम से व्यक्ति अपने शरीर, मन बुद्धि एकाग्रता से किस तरह संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना के साथ अपने जीवन को जीता है का संदेश योग के माध्यम से दिया है। मंत्री श्री सारंग ने योग को सभी अपने जीवन का हिस्सा अवश्य बनाएं का आव्हान करते हुए कहा कि योग शरीर का व्यायाम नहीं बल्कि सांसों का नियंत्रण भी है। संयम की भावना और अनुशासन का भाव भी है।

उन्होंने खासकर युवाओं को अपने जीवन में योग को सम्मिलित करने का आव्हान किया। इसके साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति का संदेश देते हुए विशेष कर युवाओं को संदेश दिया है कि वह नशे से पूरी तरह से दूर रहें। देश के युवा संयम के साथ अनुशासित होंगे तभी देश का नव निर्माण होगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2695
उच्चतम भाव-3661
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2803
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2531
उच्चतम भाव- 2550
चना
न्यूनतम भाव- 3301
उच्चतम भाव- 6725
मसूर
न्यूनतम भाव-3560
उच्चतम भाव-6410
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2865
उच्चतम भाव-4600
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-5650
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5700
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-8620
मूंग
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-7699
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-2910
अरण्डी
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-3700
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
धनिया
न्यूनतम भाव-5699
उच्चतम भाव-6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 9239 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### यशवंत सिंह विधायक प्रतिनिधि नियुक्त




**गंजबासौदा।** कुरवाई विधायक हरि सप्रे द्वारा ग्राम खड़ाखेड़ी निवासी यशवंत सिंह रघुवंशी को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यशवंत समस्त बैठकों, कार्यक्रमों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में कर्तव्यों का निर्वाहन करेंगे।

### स्वदेश श्रीवास्तव का निधन



**गंजबासौदा।** कैलाश नारायण श्रीवास्तव रिटायर्ड आरआई की पत्नी एवं गौरव, सौरभ की माताजी स्वदेश श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास शास्वत पैलेस ब्लाक ऑफिस के सामने से पाराशरी विश्राम घाट के लिए दोपहर के समय निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## योग विश्व को भारत की अमूल्य देन: नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव

# इलाके में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा











शुक्रवार को इलाके भर में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय, अशासकीय संस्थानों में योग के विभिन्न आसन किए गए। जिनमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक, शासकीय, अशासकीय स्कूल एवं कॉलेज के छात्र, छात्राएं, स्टॉफ तथा नागरिकगण मौजूद रहे। दसवे विश्व योग दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय योगाभ्यास सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने योग को स्वयं के लिऐ, समाज के लिऐ राष्ट्र के लिऐ ही नही वरन विश्व के लिऐ भी जरूरी बताते हुऐ कहा योग विश्व को भारत की अमूल्य देन है। योग केवल व्यायाम नही है बल्कि स्वयं के साथ विश्व प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। हम सबको योग दिवस देने के लिऐ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत बहुत साधुवाद देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम विजय राय ने योग को मानव कल्याण का सबसे बड़ा साधन बताते हुए प्रतिदिन योग करने की बात कही। उन्होंने बताया समाज के लोगों में नकारात्मक विचार, अवसाद एवं निराशा के भावों को मन में आने से रोकने का सबसे सुगम और आसान साधन योग और ध्यान है। विशेष अतिथि एसडीओपी मनोज मिश्रा ने कहा कि हम प्रतिदिन योग कर तनाव रहित सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इसलिए हमको रोज योग करने की आदत डाल लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रसिद्ध योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने सभी को योगाभ्यास के अंतर्गत क्रियाऐं, खड़े होकर किये जाने वाले आसन, बैठकर किये जाने वाले आसन, पेट के बल लेटकर किये जाने वाले आसन एवं पीठ के बल लेटकर किये जाने वाले आसनों एवं अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया व उसके लाभ बताऐ। कार्यक्रम समापन पर योग गुरू ने उपस्थित जन को, स्वयं को प्रेमपूर्ण मानव बनने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सरिता रघुवंशी, तहसीलदार संदीप जायसवाल, जनपद सीईओ भगवान सिंह, विकासखंड योग समिति के अध्यक्ष चंद्रकुमार तारण, विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, विकासखंड स्रोत समन्वयक कपिल तिवारी सहित सभी संस्थान के प्राचार्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन बृजेंद्र सिंह तोमर ने किया एवं आभार संस्था के प्राचार्य महेंद्र रघुवंशी ने व्यक्त किया।

वहीं दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में नवांकुर और डॉल्फिन के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक विजय शर्मा तथा गौरव भारद्वाज ने छात्र, छात्राओं से विभिन्न प्रकार के योगों व ध्यान मुद्रा का अभ्यास करवाया।

इस मौके पर मंडूकासन, वज्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तमासन, पाद हस्तासन, शशकासन, गोमुखास, मकरासन, उष्ट्रासन श्वासन का अभ्यास करवाया तथा ध्यान केंद्रित करने के लिए ध्यान मुद्रा करवायी गयी। इस अवसर पर डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली, शिक्षिका नीतू तनवानी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी अभिषेक मिश्रा, बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा तथा सहायक रासेयो प्रभारी विनय सोनी उपस्थित थे। वहीं शासकीय उत्कृष्ट उमावि में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मुख्य अतिथि राजेश तिवारी पूर्व केंद्रीय मंत्री विहिप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एवं विशेष अतिथि वार्ड क्रमांक 9 पार्षद प्रतिनिधि भारती सरदार सिंह अहिरवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। शासन द्वारा प्राप्त प्रोटोकॉल अनुसार कृष्णकांत मिश्रा योग शिक्षक के निर्देशन में योग अभ्यास किया गया। राजेश तिवारी द्वारा मानव के सात सुखों का वर्णन करते हुए पहला सुख निरोगी काया में योग का महत्व बतलाया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एमसी शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अनिल दुबे, प्रशांत श्रीवास्तव, अभय शर्मा, स्वतंत्र जैन, आलोक नायक, दिनेश ओझा, मनीष जाटव, प्रीति सक्सेना, भारती पंथी, भावना अग्रवाल, नीतू शर्मा, वंदना मिश्रा, रुचिता यादव, अरविंद भास्कर ,ओम प्रकाश मिश्रा, मधुर श्रीवास्तव, लख्मीचंद साहू , सचिन खापरे, मनोज भार्गव, अश्वनी मिश्रा, योगेश चौरसिया सहित छात्र शामिल हुए। वहीं पतंजलि परिवार एवं आरोग्य भारती द्वारा इस वर्ष भी सुबह 5:30 बजे से मानस भवन पुराना मेला ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें नगर के अनेक योग साधकों, महिला, पुरुषों ने योग के विभिन्न आसन कर स्वास्थ्य लाभ लिया।

## त्योंदा पुलिस ने पकड़े बिजली का तार चोरी करने वाले चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा पुलिस ने बिजली तार चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गत दिवस त्योंदा पुलिस ने धारा 136 म.प्र. विद्युत अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आवेदन पत्र प्राप्त होने पर विवेचना में लिया था। जिसके बाद आरोपी निलेश कुशवाहा, दीपक अहिरवार, आकाश वंशकार निवासी त्योंदा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करना बताया गया। तीनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया तथा आरोपियों के कब्जे से पृथक पृथक तार के बंडल जब्त किया गया। जिसकी कीमत लगभग 1,25000 रुपए है एवं अन्य प्रकरणों में पूछताछ हेतु आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि पकडे गए बिजली तार चोर ग्राम सालेरी में तार चुराते हुए ग्रामीणों द्वारा पकडकर पुलिस को सौंपे गए थे। इनमें से आकाश नामक युवक पूर्व में विद्युत कंपनी में कार्यरत था और उसे लाइन काटने का अनुभव था।

## शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 साल पूर्ण होने पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

छत्रपति महाराज के राज्याभिषेक के 350 साल पूरे हो जाने पर एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा नगर के जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, सावरकर चौक होते हुए सिरोंज चौराहे स्थित एक निजी गार्डन पहुंची जहां उसका समापन किया गया। शोभायात्रा के उपरांत एक मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें घनश्याम रघुवंशी, विनोद शाह ने उनके जीवन और उनके व्यक्तित्व के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज स्थापित करने के लिए संघर्ष शुरू किया था और मुगलों से लगातार लड़ाई लड़ कर विभिन्न प्रकार के युद्ध कौशलों का उपयोग करते हुए हिंदू साम्राज्य की स्थापना की थी। छत्रपति शिवाजी का मुगलों से राज्य जीतने के पश्चात राज्याभिषेक किया गया था। यह इतिहास का एक सुनहरा अवसर है इस समय पूरे देश में शिवाजी महाराज को स्मरण किया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## भविष्य से भेंट पर कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम उदयपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रबुद्धजनों, शिक्षा विभाग के अधिकारीयों द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया गया तथा भविष्य में उन्नति के पथ पर अग्रसर होने हेतु बच्चों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि रानी रैकवार, पत्रकार सुंदर सिंह जाट, संस्था प्राचार्य महाराज सिंह रघुवंशी सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र, छात्राये उपस्थित थीं।

## जेल बुरे लोगों का सुधार केन्द्र है: जेल अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




समाज में दो प्रकार के लोग होते हैं एक वह होते हैं जो समाज को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते जिन्हें हम अच्छे लोग कहते हैं। दूसरे वह जो समाज की शांति भंग करते हैं, जिन्हें आप लोग बुरे लोग मानते हैं। जेल ऐसे ही बुरे लोगों का सुधार केंद्र है। यह बात जिला उपजेल अधीक्षक अलोक कुमार भार्गव ने 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा पूछे गए सवाल पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय मढ़िया सेमरा में कही। उन्होने बच्चों को नशा करने वालों से दूर रहने की अपील की, बच्चों को पढ़ाई में अंको की प्रतिस्पर्धा से दूर रहकर सम्पूर्ण ज्ञान को लक्षित करना चाहिए। शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष पवन रिछारिया ने कहा कि मैं पढाई में सदा अव्वल रहा। मैंने सदा लक्ष्य को केंद्रित किया, जो काम करें वह मन लगाकर करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मोबाइल गैर जरूरी उपयोग से दूर रहें। यह पढ़ाई के लिए घातक है, बच्चों को पुस्तकों के अध्ययन की आदत डालना चाहिए। शाला परिसर में प्रेरकों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परसराम दुबे, शाला प्रभारी जितेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर स्थानांतरित शिक्षिका नीलिमा नामदेव को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई की गई। विद्यालय द्वारा प्रेरकों का शाल, श्रीफल भेंट कर पुष्पहारों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रत्ना पांडेय ने तथा आभार रश्मि सकवार ने व्यक्त किया। इस मौके पर अनेक स्कूली बच्चे एवं पालकगण उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** शासकीय प्राथमिक शाला बासौदा में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुनील बाबू पिंगले, कैलाश नामदेव उपस्थित थे। शाला प्रभारी साधना दास द्वारा उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात माता सरस्वती की पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, सरस्वती वंदना की गई। शाला स्टॉफ के सदस्य अजय शर्मा, शिक्षिका जेहरा खातून, विनय माला भार्गव द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया एवं अतिथियों द्वारा लाए गए पुरस्कार कॉपी, पेन, पेन्सिल एवं स्लैट आदि सामग्री सभी बच्चों में वितरित किए गए। अतिथियों द्वारा प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया गया एवं प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील बाबू पिंगले ने कहा की शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी का निर्माता होता है छात्र एवं छात्राएं उनके द्वारा बताये मार्ग पर चल कर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर अपना जीवन सार्थक करें। कार्यक्रम का संचालन अजय शर्मा ने एवं आभार भार्गव ने किया।

## पाराशरी के गहरीकरण के बाद नदी में एकत्रित हुए पानी

# इलाके में हुई प्रीमानसून की झमाझम बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कई दिनों से किसान बेसब्री से प्री मानसून बारिश का इंतजार कर रहे थे। वह इंतजार गुरुवार को रात्रि के समय समाप्त हो गया। रात्रि से शुरु हुआ तेज बारिश का दौर रुक रुक कर सुबह तक चलता रहा। जिससे नगर की सड़कें, गलियां, नदी, नालों में पानी का स्तर बड़ गया। वहीं पहली प्री मानसून की बारिश में पाराशरी नदी में बड़ी मात्रा में पानी एकत्रित हो गया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही नगरपालिका द्वारा पाराशरी नदी का गहरीकरण कराया है। जिसके बाद पहली बारिश में पाराशरी नदी में पानी दिखाई देना लगा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने इस बार अच्छी बारिश की संभावना को देखते हुए अधिकांश रकबे में धान की बोवनी की तैयारी की है, प्री मानसून की अच्छी बारिश हो जाने से अब शीघ्र खरीफ फसलों का बोवनी कार्य प्रारंभ हो जाऐगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात इलाके में 62 मिमी पानी बरसा है। जबकि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व में हुई बारिश और बीती रात की बारिश से बोवनी योग्य पानी बरस गया है और अब उन गांवों के किसान बोवनी में भी जुट गए हैं। जबकि अन्य इलाकों के किसान अभी एकाध बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 25 जून तक रह रहकर प्री मानसून बारिश होने और उसके बाद से इलाके में मानसून की अच्छी बारिश का दौर शुरू होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।

## दो दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि गीता ही योग शास्त्र है, गीता के हर एक अध्याय के अंत में लिखा है कि श्रीमद् भगवत गीतासु उप निषदसु ब्रह्मा विद्याया योग शास्त्रे। उन्होंने योग विषय का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया की आत्मा में स्थित होकर सहज ही परमात्मा से मन को जोड़ना अथवा परमात्मा से संबंध स्थापित करके आंतरिक सुख की स्थिति में स्थित होना ही योग है। गीता अध्याय 6 श्लोक 28, अध्याय 7 श्लोक एक, अध्याय 6 श्लोक 19, अध्याय 6 श्लोग 15, गीता में योग शब्द के लिए युज्ज अर्थात जोड़ना शब्द का प्रयोग किया गया है। गीता में योगी के लिए कहा गया है कि जिस प्रकार वायु से रक्षित होने पर दीप शिखा अपने स्थान पर अचल हो जाती है वैसे ही जो पुरुषार्थी अपने मन को व्यर्थ संकल्पों से रक्षित करके परमात्मा की स्मृति में एक टिक कर देता है और आत्मा के स्वरूप में स्थित हो जाता है वही योगी है अध्याय 6 श्लोक 19, जो मुझे अनन्य भाव से याद करता हैं वही योगी हैं। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी योग के लक्षण बताते हुए कहा कि गीता में कहा गया है कि उसकी सभी से मैत्री होती है वह सर्व के प्रति करुणा भाव रखता है वह निर्मोही तथा निरंहकार होता है, क्षमाशील होता है सुख-दुख में सदा समान होता है वह सदा संतुष्ट होता है वह स्वयं ना दुख लेता है ना दुख देता है वह बाहर से पवित्र होता है। योग की सही विधि विधान को जानकर मनुष्य को चाहिए परमात्मा से योग युक्त हो जाए।

## ग्रामवासियों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**त्योंदा।** शुक्रवार को ग्राम रसूलपुर को नशा मुक्त ग्राम करने के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीणों द्वारा शपथ ली गई। नशा मुक्ति ग्राम करने के लिए ग्राम के सरपंच राम हरि शर्मा, आजाद खान, त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी एवं हेड कांस्टेबल तरुण बेदी, सुभाष भाई सहित ग्राम के दर्जनों लोगों ने नशा मुक्त ग्राम बनाने की शपथ ली।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत स्कूलों में पहुंचकर अधिकारियों ने बच्चों को कराया अध्ययन

# 'शिक्षा व्यक्तिगत विकास के साथ हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए भी जरूरी'









हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गुरूवार को स्कूल चले अभियान के तीसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के अनेको शासकीय स्कूलों में अधिकारियों ने पहुचकर बच्चों को अध्ययन कराया। शासकीय सी एम राइज विद्यालय तहसीलदार संजय चौरसिया ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा 11वीं कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को अध्यापन कराया एवं भविष्य के लिए केरियर मार्गदर्शन के विषय में छात्रों को अवगत कराया। वही उन्होने छात्रों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा जीवन को खुशहाल तरीके से जीने के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, यह हमारे दिमाग को अच्छे विचारों और विचारों को समझने और दिन-प्रतिदिन हमारे ज्ञान को बढ़ाने के लिए सशक्त और प्रेरित करती है। इसके अलावा, शिक्षा हमें नए कौशल और तकनीक हासिल करने में मदद करती है। इस प्रकार, हमारे लिए अपने दैनिक जीवन की गतिविधियों को अधिकतम आउटपुट और उत्कृष्टता के साथ सर्वोत्तम संभव तरीकों से करना आसान हो जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए शिक्षा आवश्यक है। क्योंकि यह हमें सभी आवश्यक सामान और जागरूकता प्रदान करती है कि हम अपने दिमाग और ज्ञान के उपयोग से अपनी कमाई कैसे बढ़ा सकते हैं। इसी कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा के छात्रों से सम्पर्क कर उनको मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार,वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर,अब्दुल हसीब,शान मियां आदि शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।


## बीआरसी ने बच्चों को दिए टिप्स

विश्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत बीआरसी रमेश धाकड़ ने शासकीय माध्यमिक शाला हाजीपुर शिक्षा के क्षेत्र में आगें बढने के लिए पांच टिप्स दिए। जिसमें उन्होने बच्चों से कहा कि शाला नियमित रूप से आए,अपने मन मैं एक थॉट लक्षय रखे,लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा प्रयास करे,नशा ना करें और पालकों को भी ना करने दे,मोबाइल का प्रयोग कम से कम करे, यदि कुछ जरूरी काम है तो तभी मोबाईल फोन को देखे। वही उन्होने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा एक छात्र के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य तत्वों में से एक है। यह छात्रों को जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय विश्लेषण करने में मदद करती है। एक छात्र के लिए शिक्षा आवश्यक है क्योंकि पर्याप्त शिक्षित होने के बाद, एक छात्र अपने लिए एक अच्छा करियर विकल्प चुनने में सक्षम होता है। ताकि वे शिक्षा की मदद से जीवन में सफल हो सकें। एक अच्छा करियर छात्रों को मानसिक संतुष्टि के साथ-साथ वित्तीय स्वतंत्रता और सहायता भी प्रदान करता है। छात्रों की शिक्षा उनके संचार कौशल को बेहतर बनाने में उनकी मदद करती है। उदाहरण के लिए, उनकी वाणी, शारीरिक भाषा और संचार प्रणाली में मौजूद कई अन्य तत्व।

## सभी के जीवन के विकास के लिए आवश्यक है शिक्षा

*शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले अभियान के तीसरे दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारी बैंक के पूर्व ब्रांच मैनेजर राम कुमार मिश्रा,विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी सम्मिलित हुए। इस मौके पर उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मनोज शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं भविष्य भेंट कार्यक्रम के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती नालनी जैन ने किया। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी ने छात्रों को शिक्षा के मुख्य तत्वों के बारे में अवगत कराया। उन्होने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि शिक्षा आज हर किसी के जीवन का मुख्य तत्व है। शिक्षा में वह मूल्य है जो लोगों को मूल्यवान और ज्ञान से भरपूर बनाने में मदद करता है। शिक्षा सभी के जीवन के विकास के लिए आवश्यक है। इसका सभी के लिए समान रूप से समान महत्व है। सभी को सीखने का अधिकार है। शिक्षा के बिना, जीवन बहुत कठिन हो सकता है और जीवित रहना मुश्किल हो सकता है। शिक्षा सीखने की एक प्रक्रिया है जहाँ ज्ञान, कौशल और आदतें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में जाती हैं। इसके अलावा, शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उदाहरण के लिए, उनका व्यक्तिगत, सामाजिक और साथ ही देश का आर्थिक विकास। अगर हम अपने दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बात करते हैं, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह हमारे व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाता है और हानिकारक और अप्रत्याशित घटनाओं से खुद को सहित सभी की रक्षा करके समाज को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है।*

## बच्चों से भेंट कर सुनाई कहानी



प्रवेश उत्सव के तृतीय दिवस शासकीय माध्यमिक शाला पाटन में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मंजू यादव,वरिष्ठ समाजसेवी भूपेश शर्मा, मनु शर्मा आदि उपस्थित रहें। वही अतिथियों द्वारा बच्चों से भेंट कर कहानी सुनाई और बच्चों को फल तथा बॉल पेन वितरित किए। कार्यक्रम शाला प्रभारी ललितकांत चौरसिया,महेश साहू, कांता मीना, रजनी साहू के द्वारा भी बच्चों को सुंदर कहानी सुनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार रजनी साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण

## बैंक मैनेजर बोले- हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं



**सिरोंज।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर जावेद खान,उप प्रबंधक जितेन्द्र जयशवाल ने अपने बैंक स्टाफ के साथ नगर के पालीवाल कॉलोनी स्थित बृज मेमोरियल हायर सेकेण्ड्री स्कूल पहुचकर स्कूल संचालक पं प्रशांत पालीवाल के साथ स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर जावेद खान ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते, अपनी जिम्मेदारी समझें और अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना बिल्कुल भी नहीं की जा सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को सोचना चाहिए कि आज हम जो सांस ले रहे हैं वह किसी हमारे जैसे व्यक्ति द्वारा लगाए गए पौधों की वजह से ही है। वही स्कूल संचालक प्रशांत पालीवाल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधरोपण से बढ़िया कोई उपाय नहीं हैं। पौधरोपण के आगे सारे प्रयास बौने ही हैं। लोग बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल का भी संकल्प लें तो सर्दी के मौसम में चरम पर पहुंचने वाला प्रदूषण काबू में किया जा सकता है। इस मौके पर



## पौधारोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**सिरोंज।** न्याय के योद्धा नेक नीयत और सकारात्मक सोच,ग़रीबों के हक़ की हर लड़ाई और हर संघर्ष के सहभागी और जनता की आवाज़ उठाने वाले राष्ट्रीय कांग्रेंस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन के नेतृत्व में स्थानीय शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के रुप मनाया गया। इस अफसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खांन,डां.सुब्हान गौरी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पशु चिकित्सक ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में, ग्रामीणों ने निलंबन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

कस्बा हैदरगढ़ में पदस्थ असिस्टेंट वेटरनरी फील्ड ऑफिसर विष्णु प्रसाद अहिरवार नशे की हालत में धुत्त है कि उन्हें अपना एवं अपनी ड्यूटी का कोई भी होश नहीं है।

नशे की हालत में वह मदहोश हैं, श्री गोपाल कृष्ण गौशाला मृगन्नाथ के गौ सेवकों एवं ग्रामीणों के द्वारा मौके पर पंचनामा बनाकर शासन प्रशासन से निवेदन किया है कि यह डॉक्टर नशे की हालत में है सभी लोगों के साथ अभद्रता कर रहे हैं। गौ माता का उपचार के लिए इनको बुलाया गया। इन्होंने गौ माता का उपचार करने से मना कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा शराबी डॉक्टर के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है, सभी ने एक साथ मांग की है कि ऐसे डॉक्टर के लिए तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए। उनके स्थान पर किसी अन्य नए पशु चिकित्सक डॉक्टर को यहां पर पदस्थ किया जाना चाहिए, जिससे



की 84 गांव के लोगों के लिए अपने पशुओं का समय से उपचार मिल सके। 100 डायल मौके पर पहुंची लेकिन मेडिकल नहीं किया।

जब इस संबंध में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया की विभागीय तौर पर आदेश आएगा तभी हम मेडिकल करवा सकते हैं। इस संबंध में जो वरिष्ठ पशु चिकित्सा ग्यारसपुर ब्लॉक के विजय सिंह मिरधा से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि हमारा विभाग भी इनकी यही हरकतों की वजह से बहुत परेशान हैं।

पिछले माह इनका 14 दिन का वेतन भी काटा गया। इसकी जानकारी हमारे जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भी है और उन्हें फिर अवगत करा दिया गया है वरिष्ठ कार्यालय से जो भी कार्रवाई होगी। जब इस संबंध में नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह सेन ने बताया कि मेरे लिए ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिल गई थी कि डॉक्टर नशे की हालत में है और लोगों से अभद्र व्यवहार कर रहा हम जल्दी एसडीम साहब के संज्ञान में देकर नोट जारी कर कार्रवाई करवाएंगे।

## कलेक्टर ने दो शराब दुकानें एक दिन की लिए बंद कराईं

**विदिशा।** नए वित्त वर्ष से विदिशा जिले की सभी 74 शराब दुकानों का ठेका श्री स्वास्तिक सिद्धि को मिला था। तब से ही जिले की लगभग सभी दुकानों पर एमआरपी से ज्यादा की कीमत पर शराब बेची जा रही थी। लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। इसके अलावा रेट लिस्ट न लगे जान के साथ अन्य कई समस्याएं शिकायतों के रूप में सामने थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर पर तीन विभागों की टीम बनाकर संयुक्त कार्यवाही और जांच की गई । उसी में विदिशा की पीतल मिल दुकान जो चुंगी नाके पर स्थित है और शमशाबाद की शराब दुकान क्रमांक एक पर इन समस्याओं और शिकायतों को सही पाया गया। दोनों दुकान संचालकों को नोटिस जारी किए गए लेकिन ठेकेदार की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। जिसके चलते कलेक्टर ने इन दोनों दुकानों को 10 हजार रुपए के जुर्माना भरने के निर्देश दिए साथ ही साथ 21 जून को दिनभर इन दोनों दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। जिसके चलते पूरे दिन यह दोनों दुकानें नहीं खुलीं। न किसी भी तरह से शराब का विक्रय किया गया। आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि कई शिकायत के बाद जांच की गई और यह कार्रवाई की गई है।

## जिले में 63.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई

**विदिशा।** जिले में इस वर्ष अब तक 63.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि शुक्रवार को 39.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर शुक्रवार 21 जून की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार बासौदा में 62.2 मिमी, कुरवाई में 16.4 मिमी, सिरोंज में सात मिमी, लटेरी में 50.5 मिमी, ग्यारसपुर में 50 मिमी, गुलाबगंज में 52 मिमी, नटेरन में 51 मिमी, शमशाबाद में 18 मिमी तथा पठारी तहसील में 49 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की तहसीलो में अब तक दर्ज हुई वर्षा तदानुसार बासौदा में 67.4 मिमी, कुरवाई में 41 मिमी, सिरोंज में 19 मिमी, लटेरी में 121.1 मिमी, ग्यारसपुर में 77 मिमी, गुलाबगंज में 63 मिमी, नटेरन में 104 मिमी, शमशाबाद में 25 मिमी तथा पठारी तहसील में 56 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि गतवर्ष उक्त अवधि में 3.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी।

## नन्ही कवियत्री का मथुरा में हुआ स्वागत



**बरेली।** नगर के कवि प्रेमनारायण साहू की पुत्री नन्ही कवियत्री कुशाली साहू का वीडियो चयन के आधार पर सारथी परिवार मथुरा में काव्य महाकुंभ में चयन हुआ। कुशाली साहू ने शानदार कविताओं की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को प्रभावित और भाव विभोर किया। सारथी परिवार द्वारा नन्ही बालिका कुशाली को राधा कृष्ण की मूर्ति स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा नगर में पिछले दिनों आयोजित बाल कवि सम्मेलन में भी डेफोडिल्स स्कूल की कक्षा प्रथम की छात्रा कुशाली साहू ने कविताओं की शानदार प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया था। मथुरा में नगर की नन्ही बालिका का सम्मान होने पर साहित्य प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों एवं निराला समिति के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी है।

# खेल शिक्षकों के पद बढ़ाने की मांग कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

योग दिवस पर बेरोजगार खेल डिग्रीधारियों ने मुख्यमंत्री के नाम पद वृद्धि कर खेल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया जल्द कराने खेल मंत्री को ज्ञापन दिया। नई शिक्षा नीति में भी योग और शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय माना है। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विदिशा खेल स्टेडियम योग कार्यक्रम में पधारे खेल मंत्री विश्वास सारंग को बेरोजगार खेल शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया की शारीरिक शिक्षा विषय का एक हिस्सा योग भी है। सत्र 2021- 22 में भी मध्यप्रदेश सरकार ने अन्य विषयों के शिक्षकों को 5 दिन का आधार भूत लगभग 20 खेलों का प्रारंभिक खेल प्रशिक्षण देकर प्रभारी खेल शिक्षक बनाया था। वैसे ही अभी तीन दिन का प्रशिक्षण देकर योग शिक्षक बनाया है। जबकि यह पूर्णता गलत है। विगत 2007 से खेल शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है। वहीं एक वर्ष पूर्व पात्रता परीक्षा में शारीरिक शिक्षा विषय को सम्मिलित किया था और वर्ग 2 व वर्ग 3 में पात्रता परीक्षा संपन्न हुई थी।

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर आगामी माह अगस्त में खेल शिक्षक की भर्ती के लिए विज्ञापन डाला हुआ है। लेकिन ना ही उसे पर परीक्षा दिनांक है और ना ही पदों का उल्लेख है। वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 30 जुलाई 2018 के माध्यम से पदों का उल्लेख किया गया है। जिसमें माध्यमिक शिक्षक खेल में 931 जबकि प्राथमिक शिक्षक खेल में 860 सीधी भर्ती का उल्लेख है। लेकिन सूचना के अधिकार अंतर्गत बताया गया की मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 1 दिसंबर 2022 में पदों का उल्लेख समान है। लेकिन माध्यमिक शिक्षक खेल के 50% पद पदोन्नति द्वारा भरे जाने का विवरण है।

### नगर में बिना अनुमति धड़ल्ले से काटी जा रही अवैध कॉलोनियां

# हार्वेस्टिंग सिस्टम के नियम का नहीं हो रहा पालन

**कॉलोनी और भवन निर्माण की स्वीकृति में वाटर हारवेस्टिंग जरूरी।**
**बिना अनुमति नगर में मकानों की भरमार।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

हैंडपंप और नलकूल का जल स्तर नीचे खिसकता जा रहा है। पिछले 50 वर्षो में नगर का आकार कई गुना बढ चुका है। नगर से लगी कृषि भूमियों पर नई-नई कॉलोनियां विकसित हो गईं। अवैध कॉलोनियों में बिना नपं. की अनुमति धड़ाधड़ मकानों का निर्माण और परिवार निवास कर रहे हैं। अवैध कॉलोनियों में सड़कें, नाली, पानी, बिजली की समस्याओं से हर समय जूझते रहते है। लोगों द्वारा घरों के सामने सरकारी सड़कों के किनारे ट्यूबवेल लगवाने के दर्जनों दृश्य जांच और प्रभावी कार्यवाही के विषय बने हुए है। जिस तेजी से नगर की जनसंख्या बढने के साथ पानी का भारी उपयोग और पानी की बर्बादी हो रही है। उससे और तेजी से भू-जल नीचे खिसक सकता है। नगर के कुंआ अतिक्रमण की चपेट में है। जिनकी पिछले 10 दिनों तक चले जल गंगा सम्वर्धन अभियान में साफ सफाई नहीं हुई। कुंओ पर अतिक्रमण से उनका दिखलाई देना तक बंद हो गया है। पुरानी बस्ती के विभिन्न मोहल्लो के साथ फ्री नगर, दालमिल, पशु चिकित्सालय रोड के अलावा नई बस्ती और पूर्व दिशा में बनी कॉलोनियों के हजारों परिवार अपनी निजी जल व्यवस्था पर निर्भर है। नर्मदा जलावर्धन योजना पर करोड़ों की राशि खर्च होने के बाद भी पानी नही मिल रहा। यह विस्तृत जांच और कार्रवाई का विषय बना हुआ है।

### अधिकारी कभी नहीं करते प्रभावी कार्रवाई

किसी भी भवन में वर्षा जल को सहेजने वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा। सरकारी भवन भी निर्माण हुए उनमें भी वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम की अनदेखी बनी रही। प्रतिदिन निजी जलश्रोतों के माध्यम से हजारो लाखो लीटर पानी खींचा जा रहा है। परंतु जागरूकता की कमी और जिम्मेदारों की उदासीनता से भूमि में वापिस पानी पहुंचे इसके प्रति प्रभावी कार्यवाही योजना का अभाव बना हुआ है। यदि इसी प्रकार वाटर हारवेस्टिंग के प्रति उदासीनता बनी रही तो नगर का भू-जल स्तर 150 से 200 फिट नीचे तक जाने की संभावना है।

# मानसून की बारिश में देरी से बिगड़ेगा फसल चक्र, धान रोपाई में होगा विलंब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



बाड़ी- बरेली क्षेत्र में पिछले 15-20 वर्षो में धान के कटोरा के रूप में विख्यात हो गया है। सैकड़ों ग्रामों के हजारों किसानों द्वारा खरीफ सीजन में बासमती धान की खेती कर प्रदेश, देश का चावल भंडार भरा जा रहा है।

इस क्षेत्र में पैदा हुई धान में पोषक तत्वों के साथ खुशबू और स्वाद के कारण भारी मांग बनी रहती है। क्षेत्र मे पैदा होने वाली बासमती धान को जीआई टेग न मिलने से क्षेत्र के किसानों को कम और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के व्यापारी बासमती धान से बने चावल को विदेशों तक निर्यात कर भारी कमाई कर रहे है। कुछ चावल निर्माता कंपनियो द्वारा भी पैदा हो रही धान का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। जून माह का तीसरा सप्ताह भी बीत गया परंतु क्षेत्र में इस वर्ष इतनी भी बारिश नहीं हुई कि सूखे खेतों की बखरी मिट्टी भी गीली हो सके। अभी तक बरेली क्षेत्र में मात्र 3-4 मि.मी. बारिश हुई, जबकि इससे कई गुना अधिक बारिश 83 मिमी बाड़ी क्षेत्र में हो चुकी है। प्री मानसून की बारिश का दौर पिछले वर्षो में 8-10 जून के आसपास शुरू हो जाता था। इस वर्ष हो रहा भारी बिलंव फसल चक्र को प्रभावित करेगा, क्योंकि जब तक दो चार जोरदार बारिश और मौसम में ठंडक नहीं आ जाती धान की रोपाई शुरू नहीं होगी। जब जुलाई में धान की रोपाई होगी तो धान की कटाई दिसम्बर, जनवरी तक होने से गेंहू की बोवनी और कटाई में भी बिलम्ब होगा।

# नशे की हालत में सात लोगों को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में एक आरक्षक ने अपनी कार से रोड किनारे खड़े 14 वाहनों सहित सात लोगों को टक्कर मार दी। घायल हुए सभी सात लोगों के पैर हाथ और मुंह में गंभीर चोट आई है। घटना रायसेन जिले के सुल्तानगंज सागर रोड मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने, शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है।

टक्कर मारने वाला आरक्षक दीपेंद्रे राजपूत सुल्तानगंज थाने में पदस्थ है, जो घटना के समय नशे की हालत में था। मौके पर पहुंची पुलिस आरक्षक दीपेंद्र को अपनी साथ थाने ले गई। उसके खिलाफ FIR दर्ज कर ली गई है। 7 में से 4 की हालत गंभीरहादसे में घायल 7 में से 4 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को पहले सुल्तानगंज स्थित सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया था। जिसमें से 4 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें बेगमगंज रेफर कर दिया गया। बाकी 3 को मामूली चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार कर डिस्चार्ज कर दिया।वहीं, बेगमगंज में रेफर किए गए 4 घायलों में से 3 को तो डिस्चार्ज कर दिया गया लेकिन 1 महिला चंपा बाई की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

सुल्तानगंज पुलिस आरोपी आरक्षक को अपने साथ ले गई। नशे में था आरोपी आरक्षक जानकारी के अनुसार आरक्षक दीपेंद्र राजपूत अपनी कार आई 10 क्रमांक एमपी 04 सीएस 7496 से सागर की ओर से आ रहा था। इसी दौरान मध्यप्रदेश मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने खड़ी 14 बाइक और बैंक के सामने खड़े कंनछेदी, वीरेंद्र, परीक्षित, लाखन सिंह, चंपा बाई, रूपरानी, सत्यवान गोस्वामी, टक्कर मार दी। जिस कारण इन सभी लोगों के हाथ पैर और मुंह में गंभीर चोट लगी है। जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद फरियादी सत्यवान गोस्वामी की शिकायत पर आरक्षक दीपेंद्र राजपूत सुल्तानगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## योग हमें शारीरिक, मानसिक संतुलन प्राप्त करने में मदद करता है: पटेल

# शहर में योग कार्यक्रम हुआ संपन्न बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



योग जो हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर और विरासत है। आज पूरे विश्व में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का प्रतीक बन चुका है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज 21 जून को सम्पूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त करने में सहायक है।

सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ्य और खुशहाल जीवन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। यह विचार लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में व्यक्त किए। राज्यमंत्री पटेल ने नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि सभी योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। योग ना केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि हमारे मन और आत्मा को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक आयु से ही योग का महत्व सिखाएं और उन्हें इसे अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करें। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। यह थीम संदेश देती है कि योग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि भारत की प्राचीन विधा योग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में स्थापित किया है। आज समूचा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। व्यक्ति को सुखी रहने के लिए स्वस्थ्य रहना जरूरी है और स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। सभी को अपनी जीवन शैली में योग को शामिल करना चाहिए। इससे निश्चित रूप से स्वस्थ्य रहेंगे और सुखी रहेंगे। उन्होंने कहा कि योग से हमारी कार्य-क्षमता बढ़ती है। इसे जीवन के अभिन्न रूप में अपनाएँ। इससे स्वस्थ शरीर, प्रखर बुद्धि, सकारात्मकता और ऊर्जा प्राप्त होगी और हम जिले के, प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगे।

### दीवानगंज सहित आसपास के स्कूलों में मनाया योग दिवस

*दीवानगंज। योग हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ा हुआ है. इसलिए स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार होता है. भारत के साथ आज पूरी दुनिया योग की ताकत को मानती है और इसलिए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। इस अवसर पर पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में योग कार्यक्रम आयोजित किया और इस दौरान स्कूल मैं उपस्थित शिक्षक और छात्र-छात्राओं के द्वारा योगाभ्यास किया गया। विद्यालय के प्राचार्य टी डी मेश्राम ने बताया कि योग तनाव से राहत पाने के लिए योग सबसे अच्छे समाधानों में से एक है। योग ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहने का एक बेहद ही आसान तरीका है। योग आंतरिक शांति प्राप्त करने में मदद करता है। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करता है। योग का अभ्यास अधिक जागरूकता प्रदान करता है।योग ऊर्जा को बढ़ाता है। योग लचीलापन और आकर्षक मुद्रा प्रदान करता है। वही अंबाडी, दीवानगंज, सेमरा, जमुनिया, कयामपुर, संग्रामपुर, नरखेडा ,और सरार के स्कूलों में भी योग दिवस मनाया गया। साथ ही ग्राम पंचायत अंबाडी के कर्मचारियों ने अमृत सरोवर बांध पर योगाभ्यास किया।*



### अधिकारियों व बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

सामूहिक योग कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल, विधायक डॉ चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर शश्वेता पवार, जमना सेन, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संस्थाओं के सदस्य, आमजन, महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सामूहिक रूप से दंडासन, वज्रासन, वक्रासन, मकरासन, शवासन सहित योग के अन्य आसन किए गए। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा व सुना गया।

# नियंत्रण के अभाव में मनमानी का अड्डा बना लोक सेवा केंद्र

## समय-सीमा में नहीं होता निराकरण, सुविधा के नाम पर मुश्किल में आमजन, कंप्यूटर प्रणाली बनी अशिक्षित लोगों के लिए परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी




लोक सेवा केंद्र की स्थापना का उद्देश्य लोगों की सेवा करना है लेकिन यह लोक सेवा केंद्र अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है जिसके चलते आमजन का लोक सेवा केंद्र से विश्वास उठता जा रहा है।

समय सीमा पर निराकरण करने की बातें कागजी घोड़े साबित हो रही थी निराकरण शुल्क पर मनमर्जी का हथौड़ा चलाया जा रहा है। जो निर्धारित शुल्क रखी गई है उससे अधिक राशि वसूली जा रही है। बाड़ी ग्रामीण क्षेत्र के लोग लोक सेवा केंद्र आते हैं लेकिन उम्मीद पर यह केंद्र पूरी तरह विफल हो रहा है जबकि शासन की मंशा के अनुसार आमजन को शासकीय सेवा का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से इस केंद्र की स्थापना की गई थी जो अब आमजन के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। शान द्वारा निर्धारित शुल्क से दो गुना राशि वसूलने के बाद भी समय सीमा पर ना तो जानकारी मिल रही है और ना ही शासकीय सेवा का कोई लाभ प्रदान हो रहा है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार का शासकीय सेवा में लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ समय सीमा पर पहुंचाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य था लेकिन सरकार द्वारा नियुक्त ठेकेदारी आमजन पर भारी पड़ता जा रही है । लोक सेवा केंद्र में ग्रामीण अंचल के अशिक्षित लोग सेवा के उद्देश्य से यहां पर आते हैं लेकिन ठेकेदारी प्रथा हावी होने के कारण आम जनता काफी परेशान नजर आ रही है।

लोग कहते हैं लोक सेवा केंद्र में सेवा के नाम पर धन वसूली का गोरख धंधा चल रहा है। लोक सेवा केंद्र में व्यवस्था का आलम देखने पर पता चलता है कि केंद्र की जमीनी हकीकत क्या है केंद्र के कक्ष में दो कंप्यूटर के साथ तीन कर्मचारियों पर सेवा की जिम्मेदारी सौंप गई है जो ऊंट के मुंह में जीरा होने के साथ मनमानी का अखाड़ा बन गया है। लोक सेवा केंद्र को नियंत्रित करने वाले अधिकारी ना तो कभी निरीक्षण करते हैं और ना यहां की व्यवस्थाओं से कोई लेना-देना है। मजेदार बात तो यह है सेवा के नाम से विख्यात लोक सेवा केंद्र पर कहीं भी ठेकेदार का नाम दर्ज नहीं है। मोबाइल नंबर भी दर्ज नहीं है जिससे लोग अपनी समस्या की शिकायत कर सकें।

लोक सेवा केंद्र मनमानी का अड्डा बन गया है लोक सेवा केंद्र में सेवाओं का शुल्क संबंधित कोई बोर्ड नहीं है जिसके चलते चेहरा देखकर धन वसूली के मापदंड से किया जा रहे हैं। लोक सेवा केंद्र नियंत्रण और निगरानी के अभाव में मनमानी का अड्डा बन गया है हम आपको केंद्र की वास्तविक स्थिति से अवगत करा रहे हैं।

## ब्लेक मार्केट से लकड़ी खरीदकर करते अंतिम सस्कार

# नगर में अंतिम संस्कार के लिए नहीं है लकड़ी की उपलब्धता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में स्थित मुक्तिधाम पर लकड़ी की व्यवस्था ना होने के कारण शव के अंतिम संस्कार किए जाने के लिए परिजनों को लकड़ी की व्यवस्था करने के लिए कड़ी मशक्कत करना पड़ती है।

स्थानीय प्रशासन के द्वारा अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था की जाना अति आवश्यक है। शासकीय स्तर पर लकड़ी की उपलब्धता ना होने के कारण शव का अंतिम संस्कार किए जाने के लिए ब्लेक मार्केट से महंगे दामो पर लकड़ी की व्यवस्था करना पड़ती है।


हालांकि नगर परिषद के द्वारा पूर्व में वन विभाग को पत्र लिख कर शव के अंतिम संस्कार किए जाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था किए जाने के तहत लकड़ी उपभोक्ता भंडार प्रारभ किए जाने बावद आवेदन किया जा चुका है। नगर के इंदिरा आवास कॉलोनी तथा पड़ान मौहल्ला में मुक्तिधाम स्थित है। लेकिन दोनो ही मुक्तिधाम पर शव के अंतिम संस्कार किए जाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था नहीं है। लकड़ी की व्यवस्था सहज रुप में ना होने से अंमित संस्कार के वक्त लकड़ी एकत्रित करने के लिए लोगों को परेशानी उठाना पड़ती है। शासकीय तौर पर नगर में कही भी लकड़ी क्रय किए जाने की व्यवस्था नही है। हालांकि नागरिको के द्वारा कई बार जलाऊ लकड़ी की स्थाई रुप से व्यवस्था किए जाने की मांग प्रशासन से की गई। लेकिन जायज मांग को भी तबज्जो नहीं मिल सकी।

शव के अंतिम संस्कार किए जाने के लिए अत्याधिक मशक्त करना पड़ती है। तव कहीं जाकर शव को जलाने के लिए महंगे दामों पर लकड़ी मिल पाती है। मुक्ति धाम में लकड़ी की उपलब्धता कराए जाने का मामला शांति समिति की बैठक में भी उठ चुका है।

यहां पर अफ्सरो के द्वारा आश्वासन दिए जाते रहे। लेकिन आश्वासन पर आज तक अमल नही हो सका। आज भी लोगो को अंतिम संस्कार के समय लकड़ी की व्यवस्था किए जाने के लिए भटकना पड़ता है। औने पौने दामों पर लकड़ी का क्रय कर शव का अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

# सिलवानी से उदयपुरा मार्ग की हालत खस्ता, 28 किमी मार्ग में बने अनेकों गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



एमपीआरडीसी के जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही के चलते विधानसभा मुख्यालय सिलवानी से उदयपुरा जाने वाले मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। सड़क पर बने गडढे हादसे का कारण बन रहे है।

संज्ञान में होने क बावजूद भी अधिकारी ना तो गडढो की मरम्मत करा रहे है और ना सडक निर्माण कराए जाने की पहल की जा रही हैं। नागरिक व वाहन चालक परेषानी के बीच आवागमन करने को मजबूर है। उदयपुरा मार्ग से सिलवानी नगर में प्रवेष करते ही खुल जाती है विधानसभा मुख्यालय की पोल, लेकिन अधिकारी लगातार बन रहे है लापरवाह। सिलवानी से निकले स्टेट हाईवे 44 गाडरवाड़ा-गैरतगंज मार्ग की हालत खस्ता हो गई है, जिस पर आवागमन परेषानी भरा हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी सड़क निर्माण को लगातार नजर अंदाज कर रहे है फल स्वस्प नागरिको में सरकार के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। नगर के बजरंग चौराहा से उदयपुरा जाने वाले मार्ग पर अनगढ़ हनुमान मदिर से चंद्र कदम की दूरी पर कृष्णा होटल के सामने सड़क से डामर गायब हो गया है साथ ही गड्ढे भी हो गए है, इन गड्ढो को भरने के लिए बरसात के मौसम में अकसर ही प्रषासन के द्वारा बोल्डर व मुरम मिटटी डलबा दी जाती है, लेकिन वर्तमान समय में उक्त सड़क पर बड़े बडे बोल्डर दिखाई देने लगे है, तथा गिटटी उखड़ गई है, उखड़ी हुई गिटटी तेज रफ्तार से निकलते वाहनो के पहियो से उचट कर सड़क किनारे स्थित दुकानो में पहुंच रही है जो कि नागरिको को घायल कर रही है।

वर्षो पूर्व बनी गैरतगंज गाडरवारा मुख्य मार्ग सिलवानी बजरंग चौराहा तक सड़क वर्तमान में बदहाल स्थिति में पहुंच गई। इस सड़क पर उदयपुरा रुट की दर्जनों बसें चलती हैं। साथ ही यहां से भोपाल,सागर, छिंदवाड़ा जैसे बड़े शहरों के लिए आवागमन होता है। इस कारण क्षेत्र का यह प्रमुख मार्ग कहलाता है। इसी रोड से रेत से भरे डंपर और भारी वाहन तेजी से निकलते हैं। इस कारण बजरंग चौराहे पर सड़क जर्जर हो गई और जगह जगह गड्ढे नजर आने लगे हैं। इससे आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है।

हालांकि नागरिक अनेको दफा सडक निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन जायज मांग को तबज्जो नही मिल पा रही है, बजरंग चौराहा की सड़क के उक्त क्षतिग्रस्त हिस्से से कमोवेष प्रति दिन जन प्रतिनिधि व बरिष्ठ अधिकारी निकलते है, लेकिन किसी ने भी सडक मरम्मत कराने को लेकर गंभीरता नही दिखाई।

### बिजली के कारण दो भैंसों के साथ एक व्यक्ति की मौत

**दीवानगंज**। सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम जमुनिया और निनोद में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है।गुरुवार को बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है यूं तो बिजली की केबल गांव गांव नीचे ही झूल रही है जिसकी चपेट में आने से कई जानवर मर चुके हैं।

गुरुवार को भी करंट लगने से निनोद् निवासी भूरा मांझी पिता घन्ना लाल की भैंस सुबह चरने के लिए जा रही थी तभी करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई, भूरा मांझी ने बताया उनकी भैंस दोनों टाइम दूध देती थी जिससे उनके घर का खर्च चलता था । वही गुरुवार को निनोद् निवासी संजीव ठाकुर पिता प्रीतम सिंह ठाकुर को मोटर निकलते समय करंट लग गया था जिससे संजीव ठाकुर की मौत हो गई थी।

# नगर परिषद की गलत सूझ-बूझ के कारण 35 लाख के रोड पर लगी सेंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची



नगर परिषद द्वारा सांची के वार्ड नंबर 13 के बस स्टैंड की अभी नवनिर्मित एक महीना करीब हुआ होगा। सड़क का निर्माण किया गया था मगर जिस सड़क का निर्माण किया गया था उसमें आधा हिस्सा खाली छोड़ दिया गया था। इसमें ना तो कहीं नाली का निर्माण किया गया और न ही पानी निकासी के लिए कोई जगह बनाई गई जिस कारण वह जगह पहली बारिश में ही वह तालाब में परिवर्तित हो गयी है।

इस सड़क का निर्माण इंजीनियर और सभी जिम्मेदार अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की नजरों के सामने किया गया था तब इस बात का किसी को भी अंदाजा नहीं रहा की इसमें पानी की निकासी के लिए कोई जगह बनाई जाए इस समय इस पर विचार कर लिया गया होता तो प्रशासन के लाखों रुपए को चुना नहीं लगता इस पर यह मुहावरा सिद्ध होता है की नाच ना आवे आंगन टेडो वैसे अब अब पानी निकासी के लिए पाइप डलवा दिए गए हैं अब देखते हैं यह सड़क कब तक सही सलामत चलती है।

## 21 जून को दोपहर 12 बजे नो शेडो जोन पर गायब हुई लोगों की परछाई

# सेल्फी पाइंट कर्क रेखा पर कम संख्या में पहुंच रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर




हम बचपन से यह कहावत सुनते चले आ रहे है कि कोई साथ हो न हो, आदमी का साया हमेशा उसके साथ रहता है। लेकिन 21 जून को कर्क रेखा क्षेत्र में आदमी का साया भी उसका साथ छोड़ देता है।

ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कर्क रेखा स्थल पर 21 जून को दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणे 90 डिग्री लम्बवत पड़ने के कारण खड़े व्यक्ति की परछाईं ही नहीं बनती। इसलिए कर्क रेखा क्षेत्र को नो शैडो जोन भी कहा जाता है। जिस कर्क रेखा को हमने बचपन से भूगोल में पढ़ा है और ग्लोब पर जिसे देखा है, उस स्थान पर ठहरना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है। कर्क रेखा भोपाल से 25 किलोमीटर दूर उत्तर से निकलती है। जहां से यह गुजरती है वह स्थान भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर जिले के दीवानगंज और सलामतपुर के मध्य स्थित है। कर्क रेखा को चिन्हांकित करने के लिये उस स्थल पर राजस्थानी पत्थरों से चबूतरानुमा स्मारक बनाया गया है। यह स्थान रायसेन जिले का सबसे आर्कषक सेल्फी पाइंट है। यहां से निकलने वाला प्रत्येक व्यक्ति सेल्फी लिये बिना आगे नहीं बढ़ता। इस साल भीड़ कम देखने को मिली। हर साल 21 जून को जहां लोग अपनी परछाई जाते हुए देखने आते हैं। शुक्रवार 21 जून को दोपहर 12 बजे कुछ पर्यटक यहां पहुंचे और उन्होंने देखा कि वास्तव में ही उनकी परछाई कुछ समय के लिए गायब हो गई।

शासन प्रशासन के लाखों करोड़ों रुपए लापरवाह अधिकारियों द्वारा किस तरह बर्बाद किए जाते हैं इसका उदाहरण देखना हो तो रायसेन जिले के प्रसिद्ध सेल्फी पॉइंट भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के कर्क रेखा स्थल पर आसानी के साथ देखा जा सकता है। यहां पहले लाखों रुपए खर्च कर सेल्फी पॉइंट बनाया गया था। जिसमें राजस्थानी लाल पत्थरों का चबूतरा बनाया गया था ताकि पर्यटकों को सेल्फी लेने और बैठने के लिए उचित व्यवस्था मिल सके। लेकिन देखरेख नहीं होने के कारण कर्क रेखा स्थान पर लगे राजस्थानी लाल पत्थर जगह-जगह से टूट कर छतिग्रस्त हो गए।

अब फिर से इन पूरे पत्थरों को उखाड़कर नए पत्थर लगाए जाना हैं। अभी कुछ दिन पूर्व रिपेयरिंग के लिए पूरे पत्थरों को उखाड़ गया था और अब लगभग 2 महीने से कर्क रेखा स्थान रिपेयरिंग का इंतजार कर रहा है। बता दें कि इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ो की संख्या में पर्यटक सेल्फी लेने के लिए कर्क रेखा स्थान पर जरूर रुकते हैं। मगर इस स्थान पर आज की स्थिति ऐसी है यहां पर मटेरियल पड़ा हुआ है और वहीं टूटे-फूटे पत्थरों को निकाला गया मलवा भी पड़ा हुआ है। 21 जून जिसको नो शेडो ज़ोन भी कहा जाता है।